पेज थ्री देहरादून

62 हजार 500 रूपये की धनराशि सीएम को सौपते हुए रुद्रप्रयाग के विधायक।

देहरादून बृहस्पतिवार 17 सितंबर 2020 पेज 8

हमारा दून



## संक्षिप्त समाचार

### विधायक ने 62 हजार 500 रूपये की धनराशि सीएम राहत कोष हेतु दिया

**संवाददाता** देहरादून। कोविड–19 के दृष्टिगत रुद्रप्रयाग के विधायक भरत चौधरी ने ग्राम पंचायत, मरोड़ा, रुद्रप्रयाग के लोगों द्वारा एकत्रित 62 हजार 500 रूपये की धनराशि का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष हेतु दिया। यह चेक उन्होंने मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत को सौंपा।

### करोना जांच मे लूट बन्द हो: यशवीर आर्य

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना वायरस कोविड 19 की जाँच के नाम पर पिछले पांच माह से जो लूट का खेल चल रहा है वह तत्काल बन्द किया जाये। जागरूक बनो आवाज उठाओ संगठन के संयोजक यशवीर आर्य ने कहा कि कोरोना वायरस कोविड 19 की जाँच के नाम पर कहीं रूपये 1600, कहीं 1500 और देहरादून की सीमाओं पर रूपये 2000 लिये जा रहे है और जाँच को एक व्यवसाय ही बना दिया है और सरकार मूक दर्शक बनी बैठी है।

### स्वच्छता अभियान से लोगों को किया जागरूक

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के तत्वावधान में सफाई जागरूकता अभियान चलाया गया और इस अवसर पर लोगों को जागरूक करने का काम किया गया। भाजपा कार्यकर्ता अल्पसंख्यक मोर्चा ने भाजपा रईस अंसारी के नेतृत्व में अंबेडकर नगर मंडल वार्ड 26 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में पीएम नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ अभियान को साकार करने के लिए धामा वाला में जागरूक अभियान चलाकर मोदी के जन्म दिवस के शुभ यह कार्यक्रम पूरे उत्तराखंड में सेवा दिवस के रूप में तीसरे दिन बनाए जा रहे हैं।

### योगासन प्रतियोगिताओं का आयोजन आज

**संवाददाता** देहरादून। दून योग पीठ देहरादून द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर को योगासन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यहां जारी एक बयान में आध्यात्मिक गुरू आचार्य विपिन जोशी ने कहा कि कल 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर दून योग पीठ देहरादून द्वारा आयोजित योग शिविर के तीसरे दिन योगासन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

### सेवा नियमावली में किया जाये संशोधन

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड पावर जूनियर इंजीनियर एसोसिएशन ने ऊर्जा के तीनों निगमों के प्रबंध निदेशक को अवर अभियंता (विद्युत एवं यांत्रिक) एवं अवर अभियंता जनपद की सेवा नियमावली में संशोधन किए जाने के लिए पत्र प्रेषित किया है।

# सीएम ने जनता के लिए 'अपणि सरकार' पोर्टल बनाने के दिये निर्देश

■सभी विभागों के विभागाध्यक्षों को इसके लिए नोडल ऑफिसर बनाया जायेः सीएम

■नोटिफाईड सेवाओं को ऑनलाईन करने के लिए विभागवार लक्ष्य निर्धारित किया जाय

**निर्देश**

**संवाददाता**



देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने जनता के लिए 'अपणि सरकार' पोर्टल बनाने के निर्देश दिये। अब सभी ई–डिस्ट्रक्ट की सेवाएं 'अपणि सरकार' पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध करायी जायेंगी। यह पोर्टल आईटीडीए एवं एनआईसी के सहयोग से विकसित किया जायेगा। सचिवालय में सेवा का अधिकार एवं ई–डिस्ट्रिक पोर्टल की प्रगति की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सेवा के अधिकार के अन्तर्गत सभी 243 नोटिफाईड सेवाओं को तीन माह के अन्दर ऑनलाईन किया जाय। जिससे जनता घर बैठे ही इन सेवाओं का लाभ उठा सके।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि सभी विभागों के विभागाध्यक्षों को इसके लिए नोडल ऑफिसर बनाया जाय। सेवा के अधिकार आयोग के मुख्य आयुक्त की अध्यक्षता में नोडल अधिकारियों की विभागवार बैठक होगी। सेवा के अधिकार के अन्तर्गत सभी नोटिफाईड सेवाओं की मुख्य सचिव की अध्यक्षता में प्रतिमाह एवं मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में प्रति दो माह में प्रगति की समीक्षा होगी। दोनों मण्डलों के कमिश्नर भी 15 दिन में अपने मंडलों के जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सेवा का अधिकार एवं ई–डिस्ट्रिक की समीक्षा करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो सेवाएं अभी अधिसूचित नहीं हैं, उन सेवाओं को भी सेवा के अधिकार अधिनियम में शामिल किया जाय। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि यदि किसी प्रमाण पत्र या अन्य दस्तावेज में जो आपत्तियां हैं, उनका उल्लेख एक बार में ही हो जाय। जिससे जनता के समय की बचत भी होगी और अनावश्यक परेशानी भी न हो। नोटिफाईड सेवाओं को ऑनलाईन करने के लिए विभागवार लक्ष्य निर्धारित किया जाय। अधिक उपयोग में आने वाली सेवाओं को ऑनलाईन करने के लिए पहले प्राथमिकता दी जाये।

इस अवसर पर उत्तराखण्ड सेवा का अधिकार आयोग के मुख्य आयुक्त श्री एस. रामास्वामी, मुख्य सचिव श्री ओम प्रकाश, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, मुख्यमंत्री के आईटी सलाहकार श्री रविन्द्र दत्त, सचिव आईटी आर. के सुधांशु, निदेशक आईटीडीए अमित सिन्हा, सचिव, उत्तराखण्ड सेवा का अधिकार आयोग पंकज नैथानी, एनआईसी के एसआईओ के नारायण एनआईसी के वैज्ञानिक राजीव लखेड़ा आदि उपस्थित थे।

### सेवाओं को समय पर डिलीवर न करने वाले विभागों और अधिकारियों को चिन्हित किया जाय

सेवा के अधिकार अधिनियम के तहत सेवाओं को समय पर डिलीवर न करने वाले विभागों और अधिकारियों को चिन्हित किया जाय। सेवा के अधिकार कार्यालय में मोनेटरिंग डैशबोर्ड बनाया जाय। कोविड–19 के दृष्टिगत अधिक से अधिक नागरिक सेवाएं ऑनलाईन माध्यम से उपलब्ध कराई जाय।

# योग आज की आवश्यकता की मांग हैः मुख्यमंत्री

देहरादून। **संवाददाता**



**लोकार्पण**

■ मुख्यमंत्री ने ''राजयोग में साइलेंस की शक्ति और डिप्रेशन से मुक्ति'' का किया लोकार्पण

■ हम भय,चिंता,निराशा और हताशा का जीवन जी रहें हैः मनोज श्रीवास्तव

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने मुख्यमंत्री आवास में सूचना विभाग में कार्यरत सहायक निदेशक, मनोज श्रीवास्तव द्वारा लिखित पुस्तक ''राजयोग में साइलेंस की शक्ति और डिप्रेशन से मुक्ति'' का लोकार्पण किया। योग विषय पर लिखी गई पुस्तक को आधुनिक, समसायिक समय मे अत्यंत उपयोगी बताते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि योग आज की आवश्यकता की मांग है।

इस पुस्तक के लेखक मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि मुंबई की डॉ. शिप्रा मिश्रा के सहयोग से लिखी गई, इस पुस्तक में कोरोना काल में बढ़ती मानसिक समस्याओं का व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत किया गया है। योग पर आधारित इस पुस्तक में बताया गया है कि भाग–दौड़ के जीवन में हमने कभी भी रुककर, अपने मन या आत्मा में झांकने का प्रयास नही किया है। मन या आत्मा पर ध्यान न देने के कारण हम अंदर से खालीपन ,अकेलापन का शिकार हो गये है। इससे हम भय,चिंता,निराशा और हताशा का जीवन जी रहें है।

आज हमारे बुद्धि ने प्रकृति के प्रकोप कोरोना, कोविड के सामने सम्पर्ण कर दिया है। क्योंकि हमने अपने भावनात्मक बुद्धि और आध्यत्मिक बुद्धि के विकास पर ध्यान नही दिया है। इसलिये हम मानसिक रूप से बाह्य परिस्थितियों से लड़ने में अपने को कमजोर महसूस कर रहे है। इसके लिये मानसिक बल के आध्यात्मिक चिंतन, योग प्राणायाम की दिनचर्या अपनाना जरूरी है।

पुस्तक से हमें लीडरशिप क्वालिटी, मेंटल इमोशनल आर्ट की जानकारी मिलती है, यह हमारे जीवन के लिए एक गाईड है, जिसके माध्यम से हम जीवन मूल्यों और सिद्धान्तों को ग्रहण कर सकते हैं। भावनात्मक प्रबन्धन के लिए ईमोशनल कोसेंट और आध्यात्मिक जीवन के लिए स्प्रीचुअल कोसेंट की विस्तार से चर्चा की गयी है। पुस्तक के विभिन्न अध्यायों में नींद की समस्या का समाधान, विजन और गोल में अन्तर, अवचेतन मन की शक्ति को डिप्रेशन के प्रमुख समाधान के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

### सीएम ने मोबाईल ऐप 'आखर' शब्दकोष का विमोचन किया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने मुख्यमंत्री आवास में कर्नल (रिटा.) डॉ. डी.पी डिमरी एवं उनके सहयोगियों द्वारा उत्तराखण्ड की तीन क्षेत्रीय भाषाओं गढ़वाली, कुमांऊनी और जौनसारी पर बनाये गये मोबाईल ऐप 'आखर' शब्दकोष का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्रीय भाषा एवं बोलियों के प्रति लोगों का रुझान बढ़े, इस दिशा में यह एक सराहनीय प्रयास है। हमें अपनी भाषा, बोलियों एवं संस्कृति के संरक्षण के लिए निरन्तर प्रयास करने होंगे। किसी भी क्षेत्र की बोली, भाषा एवं संस्कृति ही उस क्षेत्र की विशिष्टता बताती है। डॉ. डी.पी डिमरी ने कहा कि यह प्रयास क्षेत्रीय भाषाओं को सीखने के इच्छुक युवाओं व इन भाषाओं में रूचि रखने वाले लोगों के लिए बनाया गया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की क्षेत्रीय भाषाओं पर कई विस्तृत शब्दकोष उपलब्ध हैं। लेकिन आवश्यकता पड़ने पर उनका शीघ्र उपलब्ध हो पाना कठिन होता है। इसलिए लघु रूप में डिजिटल शब्दकोष उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप चौधरी द्वारा एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित। संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून। फैक्स नं०– 0135-2650558 (M) 9319700701 pagethreedaily@gmail.com आर.एन.आई.नं० UTTHIN\2005\15735 सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।